आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।
- प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना और राजस्व संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।
- खराब मौसम के कारण अंतर–द्वीपीय क्षेत्र में जलयानों की आज की निर्धारित यात्राओं को स्थगित किया गया है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में एक मज़बूत सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दो खरब पचास अरब डॉलर से अधिक का वार्षिक राजस्व पैदा करता है और साठ लाख से अधिक लोगों को रोज़गार प्रदान करता है। लोकसभा में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि स्टैनफोर्ड एआई रैंकिंग में भारत एआई कौशल, क्षमताओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की नीतियों में शीर्ष देशों में शामिल है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत की एआई रणनीति का उद्देश्य भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विश्व में अग्रणी रूप से स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि भारत के विकास लक्ष्यों के अनुरूप एक मज़बूत और समावेशी एआई व्यवस्था स्थापित करने के लिए पिछले वर्ष मार्च में इंडिया ए.आई मिशन शुरू किया गया था।

<><><><><><><>

देश भर में क्षय रोग को जड़ से मिटाने के लिए टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। इस सिलसिले में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए टीबी मुक्त भारत अभियान पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ–साथ प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया। सत्र के दौरान, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के संयुक्त सचिव डॉ. पी लाल ने उपस्थित लोगों को जागरुक किया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा यूटी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से हाल ही में प्रातरापुर में "5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यावस्था दस्त के कारण होने वाली मृत्यु को शून्य" करने के लक्ष्य के साथ दस्त रोको अभियान पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने निवारक उपायों को अपनाने, सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने और हाथ धोने की आदतों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की उपाध्यक्ष और वार्ड पार्षद राधिका ने जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उप निदेशक ,परिवार कल्याण डॉ. एच.एम. सिद्धाराजू ने प्रतिभागियों को मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्रीय पदाधिकारियों को ओआरएस–जिंक, स्तनपान को बढ़ावा देने, सुरक्षित पेयजल और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में स्वच्छता शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। गाराचरमा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. जॉय ने दस्त और निर्जलीकरण के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर विभिन्न कॉलेजों में एक ही दिन परामर्श सत्रों के आयोजन पर चिंता व्यक्त की है। अपने पत्र में, सांसद ने बताया कि कई छात्रों ने अपनी पात्रता के आधार पर इनमें से एक से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किया है। सभी काउंसलिंग सत्र एक ही दिन आयोजित करने से छात्रों के लिए एक से अधिक सत्रों में भाग लेना असंभव हो जाएगा। सांसद ने मुख्य सचिव से सभी संबंधित विभागों और संस्थानों को काउंसलिंग की तिथियों को चरणबद्ध तरीके से पुनर्निर्धारित करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

प्रसार भारती ने देशभर के सभी समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों को अपने न्यूज़वायर प्लेटफॉर्म, प्रसार भारती शेयर्ड ऑडियो विजुअल्स फॉर ब्रॉडकास्ट और डिसेमिनेशन –पीबी–शब्द पर पंजीकरण कराने के लिए आमंत्रित किया है। इससे उन्हें उच्च–गुणवत्ता वाली समाचार और मल्टीमीडिया सामग्री निःशुल्क प्राप्त हो सकेगी। पिछले साल मार्च में शुरू किए गए पीबी–शब्द प्रतिदिन विभिन्न भारतीय भाषाओं में चालीस से अधिक विविध श्रेणियों में आठ सौ से अधिक समाचार प्रस्तुत कर रहा है। इस प्लेटफॉर्म की सभी सामग्री उपयोग योग्य है जिससे मीडिया संगठनों और कंटेंट क्रिएटर्स को खबरें आसानी से मिलती हैं। पीबी–शब्द का पंजीकरण निःशुल्क है और यह shab.prasarbharati.org@register पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

केंद्रशासित प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी, कृषि विभाग के सहयोग से, वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए, द्वीपसमूह के विभिन्न ब्लॉकों में प्रशिक्षण, प्रदर्शन और फार्म स्कूल गतिविधियाँ आयोजित कर रही है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से किसानों के ज्ञान और कौशल का निर्माण करना, उन्हें नई तकनीकों, बेहतर फसल पद्धतियों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। इसका लक्ष्य किसानों को उत्पादकता में सुधार, कृषि लागत कम करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद करना है। कृषि विभाग और पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के सहयोग से यूटीआत्मा द्वारा रंगत ब्लॉक के कदमतला स्थित पशु औषधालय में 'चारा खेती' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत प्रधान लीला बर ने किया। इसके अलावा कृ षि विभाग द्वारा 'बहु–स्तरीय फसल, अंतर–फसल और बहु–प्रजाति फसल' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा प्रातरापुर में 'वर्मीबेड में वर्मीकंपोस्टिंग' पर एक प्रदर्शन आयोजित किया गया और रंगत में, मत्स्य पालन विभाग द्वारा दशरथपुर में 'नर्सरी तालाब प्रबंधन और मत्स्य बीज तैयारी' और 'समुद्र में मछुआरों के लिए सुरक्षा उपाय' पर दो प्रदर्शन आयोजित किए गए। इन सत्रों के दौरान किसानों को मुर्गीपालन प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

<><><><><><><>

मौसम की स्थिति में गिरावट और बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना के मद्देनजर, जहाजरानी निदेशालय ने यात्रियों और जहाजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, जलयान के यात्रा कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है।

एमवी नॉर्थ पैसेज, एमवी कैंपबेल बे, जलयान नालंदा और एमवी सेंटिनल की निर्धारित यात्रा मौसम की स्थिति में सुधार होने तक स्थगित कर दी गई है। इसके अलावा श्री विजयपुरम और फोरशोर सेक्टर में वाहन फेरी सेवा को भी मौजूदा मौसम की स्थिति के आधार पर अल्प सूचना पर निलंबित की जा सकती है।

<><><><><><>

ओग्राब्राज पुलिस थाना ने नमूनाघर स्थित बीएसएनएल टेलीफोन भवन में हुए चोरी के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग पचहत्तर हजार रुपये मूल्य की चोरी की गई संपत्ति बरामद की। चोरी की सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल एस यमंत राव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान फिंगरप्रिंट टीमों का भी सहयोग लिया गया, जिन्होंने महत्वपूर्ण फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज की मदद से टेलराबाद निवासी दो संदिग्धों की पहचान की गई ।

<><><><><><>

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से फरारगंज तहसील के अंतर्गत मुस्लिम बस्ती गाँव में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, चार हजार वर्ग मीटर भूमि पर अवैध बाड़ और अस्थायी शेड को हटा दिया गया। जिला प्रशासन ने आम जनता से अवैध अतिक्रमणों से दूर रहने की अपील की है।

<><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

पुलिस महानिदेशक द्वारा साइबर अपराध हेल्प लाईन–एक नौ तीन शून्य के लिए हाई टेक कॉल सेंटर का उद्घाटन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। पर्यटन विभाग की ओर से द्वीपों में पक्षी दर्शन पर सार्वजनिक व्याख्यान आयोजित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता दी है। साथ ही अखबार ने प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना पर संवादात्मक सत्र आयोजित करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। ब्लू ओरिजिन की अंतरिक्ष उडान में भारतीय मूल के अरविंदर सहित छः लोगों के शामिल होने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। कैडलगंज में एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है।